मुख्यमंत्री ने लिया एमपी ग्रोथ समिट की तैयारियों का जायजा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के मेला मैदान पहुँचकर 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट-2025' की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा : अटल जी को विनम्र श्रृद्धांजलि स्वरूप हो रही है यह अद्भुत समिट

सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया है। अटलजी को विनम्र आदरांजलि स्वरूप केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' के रूप में अद्भुत आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को समिट को पूरी भव्यता के साथ आयोजित करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया तथा भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रमुख सचिव उद्योग राघवेन्द्र सिंह, संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना, कलेक्टर रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में 25 दिसम्बर को आयोजित होने जा रही समिट में लगभग 2 लाख करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किए जाएंगे। इस आयोजन में 25 हजार लाभार्थियों एवं हजारों उद्यमी एवं निवेशक भाग लेंगे। उन्होंने कहा प्रदेश के लिए प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि अमित शाह ग्वालियर के आयोजन में पधार रहे हैं। यह आयोजन प्रदेश सरकार के संकल्प को आगे बढ़ने वाला सिद्ध होगा। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह विभिन्न योजनों के हितग्राहियों, बेरोजगार युवाओं और निवेशकों को अनेक सौगातें भी प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने और भारत को विश्व की तीसरी सबसे सशक्त अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश आगमन के लिये शाह के प्रति आभार जताया है।

अटलजी की जयंती पर आज कैलाश खेर की बम-बम लहरी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 दिसम्बर। तबला दिवस एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस अर्थात ग्वालियर गौरव दिवस 25 दिसम्बर को संगीतधानी ग्वालियर में भक्ति संगीत, सूफी एवं पार्श्व गायन के क्षेत्र में विश्व विख्यात कलाकार श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संस्कृति विभाग के माध्यम से कैलाश खेर की प्रस्तुति की स्वीकृति प्रदान की है।

संगीत की नगरी ग्वालियर में तबला दिवस व ग्वालियर गौरव दिवस पर कैलाश खेर की प्रस्तुति मेला मैदान में बनाए जा रहे भव्य पण्डाल में 25 दिसम्बर को सायंकाल 7 बजे से होगी। कैलाश खेर की गायकी की शैली लोक संगीत से प्रभावित है। उनकी गायकी में सूफी कब्बाली, लोक और भक्ति संगीत का गहरा प्रभाव दिखता है जो श्रोताओं को शांति और आत्म चिंतन की ओर ले जाता है।

उन्होंने लगभग 18 भाषाओं में गाने गाए हैं। साथ ही बॉलीवुड की कई फिल्मों में पार्श्व गायन भी किया है। उनकी ख्याति भारतीय संगीत से ओतप्रोत पॉप-रॉक गायक के रूप में भी है।

कैलाश खेर के प्रसिद्ध गानों में 'बम लहरी', 'यूं ही चला चल राही', 'तेरी दीवानी', 'अल्लाह के बंदे', 'सांईया', 'तू जाने न' व 'चांद सिफारिश' शामिल हैं।

जिला शिक्षा केंद्र अब भू-अभिलेख कार्यालय से हो रहा है संचालित

ग्वालियर 24 दिसम्बर। नाका चंद्रवदनी स्थित संभागीय आयुक्त कार्यालय स्थित भू-अभिलेख कार्यालय से अब जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। मोतीमहल से संचालित होने वाले जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय को अब नाका चंद्रवदनी स्थित भू-अभिलेख के नवीन भवन में स्थानातंरित कर दिया गया है। अब जिला शिक्षा केंद्र की सभी गतिविधियां वहीं से संचालित की जा रही है।